# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–17 जनवरी 2025** **सान्ध्य समाचार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश का नाम रौशन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रपति भवन में आज राष्ट्रीय खेल पुरस्कार दो हजार चौबीस से सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में प्रदेश के छह खिलाड़ी भी शामिल हैं। इनमें अन्तर्राष्ट्रीय पैरा–एथलेटिक्स खिलाड़ी सिमरन, पैरा–एथलेटिक्स खिलाड़ी अजीत सिंह व प्रीति पाल, एथलेटिक्स खिलाड़ी अन्नू रानी और शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल को राष्ट्रपति ने अर्जुन पुरस्कार दो हजार चौबीस से सम्मानित किया। वहीं, पैरा–एथलेटिक्स में ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के प्रवीण कुमार को मेजर ध्यान चंद खेल रत्न अवार्ड दो हजार चौबीस प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इन खिलाड़ियों के सम्मान समारोह का वीडियो साझा करते हुए बधाई दी है।

**********

अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिये नामांकन प्रक्रिया आज सम्पन्न हो गयी। अन्तिम दिन तक भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों सहित कुल चौदह प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा भरा है। कल नामांकन पर्चों की जांच की जायेगी। बीस जनवरी तक नामांकन वापस लिये जा सकेंगे। एक रिपोर्ट हमारे अयोध्या प्रतिनिधि की–

***अयोध्या जनपद के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के नामांकन का अंतिम दिन आज गहमागहमी से भरा रहा, जिसमें समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने एक बार और पर्चा भरा, इस प्रकार नामांकन के अंतिम दिन 14 प्रत्याशियों ने नामांकन परचे भरे हैं। आर ओ राजीव रत्न सिंह ने बताया भारतीय जनता पार्टी से चंद्रभानु पासवान, समाजवादी पार्टी से अजीत कुमार, आजाद समाज पार्टी से सूरज चौधरी उर्फ संतोष कुमार, मौलिक अधिकार पार्टी और निर्दलीय प्रत्याशी सहित कुल 14 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा भरा है। –तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या***

**********

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने नीट यूजी दो हजार पच्चीस को एक ही दिन और एक ही शिफ्ट में आयोजित करने का निर्णय लिया है। एनटीए के एक अन्य निर्णय के अनुसार इस बार नीट यूजी का आयोजन पेन पेपर के पुराने तरीके से ओएमआर शीट पर होगा। एनटीए के अनुसार परीक्षा मई में कराई जा सकती है। नीट यूजी दो हजार पच्चीस की मेरिट से एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीयूएमएस और बीएचएमएस के अलावा चार वर्षीय बीएससी डिग्री के लिए सीट आवंटित होगी।

**********

भारत संचार निगम लिमिटेड के वाराणसी क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता ने क्षेत्र में बीएसएनएल सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया है कि क्षेत्र में फोर जी सेवाओं के आरम्भ के साथ ही करीब पांच सौ टावरों को उच्चीकृत किया जा चुका है।

**********

प्रदेश सरकार ने महाकुंभ दो हजार पच्चीस में श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेष व्यवस्था की है। सरकार की पहल पर प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए महाकुंभ मेला क्षेत्र के परेड ग्राउंड में सौ बिस्तरों वाला केंद्रीय अस्पताल स्थापित किया है।

***केंद्रीय अस्पताल के अलावा, संक्रामक रोगों के प्रबंधन के लिए मेला क्षेत्र में दो समर्पित अस्पताल भी स्थापित किए गए हैं, ताकि देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित की जा सके। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में केन्द्रीय अस्पताल के नोडल अधिकारी डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि अस्पताल में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए अलग–अलग वार्ड हैं साथ ही आईसीयू और आपातकालीन सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। मेला क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में 20–20 बेड की क्षमता वाले आठ छोटे अस्पताल भी संचालित हैं। अस्पतालों में दी जाने वाली सभी चिकित्सा सेवाएं निःशुल्क हैं। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

इन अस्पतालों में प्रसव कक्ष, मेजर और माइनर ऑपरेशन थियेटर और विभिन्न सुविधाओं के विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की गई है।

**********

संकष्ठी चतुर्थी का पर्व आज प्रदेश भर में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर महिलायें भगवान गणेश की पूजा कर अपने संतान की सुख–समृद्धि की कामना कर रहीं हैं। वाराणसी के बड़ा गणेश मंदिर में आज भगवान गणेश की पूजा–अर्चना कर आरती उतारी गयी। लोक मंगल की कामना के साथ लड्डू, मोदक और तिलकुट का भोग लगाया गया। पर्व को लेकर महिलाओं ने महाकुंभ नगर के संगम तट और वाराणसी में गंगा तट पर स्नान भी किया।

**********

गोरखपुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में पिछले चौबीस घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहा। कुछ स्थानों पर घने कोहरे और कुछ पर मध्यम कोहरे की स्थिति बनी रही। तापमान सामान्य से कम रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन तक तापमान सामान्य से कम बना रहेगा। कहीं घने तो कहीं मध्यम कोहरे का पूर्वानुमान है।

**********